Tital Code. : RAJHIN27802

वागड़ संदेश

वर्ष-1 अंक-7 सागवाड़ा, बुधवार, 1 सितम्बर, 2021 वधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-4, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

सुविचार

हम में से सब लोग महान काम नहीं कर सकते लेकिन महान प्यार के साथ हम कई छोटी-छोटी चीजें कर सकते हैं।

डूंगरपुर में प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

गणेशपुर।

डूंगरपुर के जिला प्रभारी मंत्री राजेन्द्र यादव जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता से रूबरू हुए। इस मौके पर सर्किट हाउस में सरपंच संघ दोवडा के अध्यक्ष राकेश रोत ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नरेगा में मजदुरी के 200 किया जाए। महानरेगा में कारीगरों का भुगतान भी लेबर के साथ किया जाए। डूंगरपुर जिले में पशुओं के लिए चारा उपलब्ध कराया जाए। जिले में पानी की समस्या को लेकर अतिरिक्त वयवस्था की मां की। इस दौरान प्रियंकात पंड्या, असरार अहमद, रतनलाल पाटीदार, भरत नागदा, गौरव यादव मौजूद थे।

राहगीरों से लूटपाट करने वाले गिरोह के 7 आरोपियों को 2 दिन की पुलिस रिमांड

डूंगरपुर।

जिले की दोवडा थाना पुलिस ने रात्रि में राहगीरों से लूटपाट करने वाले गिरोह के गिरफ्तार 7 आरोपियों को आज डूंगरपुर कोर्ट में पेश किया। जहा से कोर्ट ने सभी आरोपियों को 2 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

दोवडा थाने के थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया की 11 अगस्त को हथाई निवासी नाथूलाल पाटीदार के साथ रात्री में बाइक सवार कुछ बदमाशो ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अनुसन्धान शुरू किया था। इसी के तहत कल पुलिस ने देवकी निवासी सचिन कटारा,नरेश कटारा, हरीश कटारा, लीलाराम कटारा, गोविन्द कटारा, रामगढ़ फला नई बस्ती निवासी प्रकाश यादव और ओडवाडिया निवासी जयप्रकाश को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपियों ने जिलेभर में अलग-अलग 7 वारदातों को करना कबूल किया था वही आरोपियों के कब्जे से लुटे गए 23 मोबाइल व 2 बाइक भी जब्त की थी। इधर गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस ने आज डूंगरपुर कोर्ट में पेश किया जहा से कोर्ट ने आरोपियों को 2 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

6 सितंबर को 10 लाख पौधे लगाकर प्लांटेशन का रिकॉर्ड बनाएंगे पायलट समर्थक

जयपुर। पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट का 7 सितंबर को जन्मदिन है। पायलट के जन्मदिन पर समर्थक शक्ति प्रदर्शन की तैयारी में जुट गए हैं। पायलट के जन्मदिन से एक दिन पहले 6 सितंबर को समर्थक प्रदेश में पौधे लगाने का रिकॉर्ड बनाने की तैयारी में हैं। शहर विधानसभा क्षेत्र में 5,000 पौधे लगाने का टारगेट है।

भीलूड़ा में शिक्षक परिवार पर हमला

75 साल की बुजुर्ग मां का पैर फ्रैक्चर, भाई के आंख पर आए 12 टांके

भीलूड़ा।

शिक्षक संघ सियाराम के प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाषचंद्र भट्ट और उनके परिवार पर बीती शाम हमले की घटना हुई। कुछ हमलावरों ने उनके घर पर चढ़ाई करते हुए जमकर मारपीट की, हमले में 75 वर्षीय बुजुर्ग माँ समेत 4 लोगों को गंभीर चोटें आई है, जिनका सागवाडा निजी अस्पताल में इलाज करवाया गया। दरअसल सागवाडा थाना क्षेत्र के भीलूड़ा निवासी शिक्षक नेता सुभाषचंद्र भट्ट 28 अगस्त को अपनी पत्नी दया भट्ट के साथ अहमदाबाद अपने बेटे अनमोल भट्ट से मिलने गए थे।

तीन दिन अहमदाबाद में बेटे के पास रुकने के बाद मंगलवार शाम को कार लेकर भीलूड़ा घर लौट रहे थे। उनके साथ दोस्त नवीन भट्ट की बेटी दीया भट्ट निवासी घोटाद भी साथ थी। देर शाम घोटाद अपने दोस्त नवीन भट्ट के घर पंहुचे जहां दीया को छोड़ने के बाद कार से अपने घर भीलूड़ा जा रहे थें। पीड़ित सुभाषचंद्र भट्ट ने बताया कि लिमड़ी से राजपुर के बीच 2 बाइक पर 4 बदमाश आये। बाइक चालको ने हॉर्न बजाते हुए साइड मांगी तो उन्होंने साइड भी दे दी, लेकिन बदमाशों ने उनकी कार को रोकने का प्रयास किया, जिस पर उन्होंने तेज रफ्तार भगाते हुए अपने घर भीलूड़ा पंहुच गए। इस दौरान करीब 3 किमी तक पीछा करते हुए बाइक सवार बदमाश भी वहां पंहुच गये ओर उनके कुछ साथी भी आ गए।शिक्षक नेता सुभाषचंद्र भट्ट और उनकी पत्नी दया भट्ट कार से घर पंहुचे ही थे कि बदमाश भी आ गए और आते ही उन पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से हो हल्ला मच गया, जिस पर घर के अंदर से उनका भाई नीरज भट्ट बाहर निकला तो बदमाशो ने उसके साथ भी लट्ठ से वार कर दिया, जिससे उसकी आंख के ऊपर गंभीर चोट आई।

निजी अस्पताल में भर्ती मारपीट में घायल हुई मां।

75 वर्षीय बुजुर्ग माँ कुंता देवी बचाव में आई तो हमलावरो ने बुजुर्ग को भी नहीं बख्शा ओर ताबड़तोड़ मारपीट की, जिससे बुजुर्ग के पैर फ्रैक्चर हो गया और शरीर पर कई चोंटे आई। मोके पर हंगामा बढ़ने पर गांव के आसपास के लोग पंहुच गए तो बदमाश भाग गए।

हमले में सुभाषचंद्र भट्ट, पत्नी दया भट्ट, बुजुर्ग माँ कुंता भट्ट व भाई नीरज भट्ट को गंभीर चोटें आई, जिस पर उनका सागवाडा अस्पताल में भर्ती कर इलाज करवाया गया। नीरज के आंख के ऊपर 12 टांके आये है। वही पुलिस ने मामले में बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए मामले में जांच शुरू कर दी है।सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, अब बदमाशो की तलाश में जुटी पुलिसपुलिस हमले की घटना को लेकर गांव में अलग-अलग जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में बदमाश उनके घर पर आते है और उनके परिवार पर हमला करते हुए साफ दिखाई दे रहे है।

इन फूटेज के आधार पर पुलिस बदमाशो की पहचान करते हुए उनकी तलाश कर रही है। सागवाडा थानाधिकारी सुरेंद्रसिंह ने बताया कि पीड़ित शिक्षक सुभाषचंद्र भट्ट की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इसके बाद से हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें गठित करते हुए लगा दी गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

जेठाणा के शारिरिक शिक्षक से चुराए 1लाख 40 हजार

सागवाड़ा।

सागवाड़ा थाना क्षेत्र के एक शारिरिक शिक्षक का रुपय से भरा बेग चोरी हो गया। बेग में 1लाख 40 हजार रुपए और बेग में पाच तोले का सोने का आभूषण भी था। जेठाणा निवासी वासुदेव बलाई राउमावि जेठाणा में शारिरिक शिक्षक के रूप में कार्यरत है। वे बुधवार दोपहर एसबीआई बैंक गए थे। चेक के माध्यम से उन्होंने 1लाख 40 हजार रुपए निकाले थे। रुपए एक बेग में भर कर वे बाइक से घर जा रहे थे। बेग बाईक के पीछे लटका कर वे कुछ आगे गए ही थे कि उन्होंने कुछ आभास हुआ। पीछे देखा तो पता चला कि रुपये से भरा बेग गायब है। शिक्षक ने चोरी की जानकारी पुलिस को दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु की।

प्रभारी मंत्री डूंगरपुर के दौरे पर, बैठक ली दिए निर्देश

डूंगरपुर।

जिला प्रभारी मंत्री राजेन्द्र यादव बुधवार को डूंगरपुर जिले के एक दिवसीय दौरे पर है। अपने दौरे के दौरान प्रभारी मंत्री राजेन्द्र यादव ने जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियो की बैठक लेते हुए विभागीय योजनाओं को प्रगति की समीक्षा की। बैठक में डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा, जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

वाहनों पर पथराव कर शराब के लिए पैसे मांगने वाले गिरफ्तार 2 आरोपियों को जेल भेजा

डूंगरपुर।

जिले की दोवडा थाना पुलिस ने रात्री में वाहनों पर पथराव कर शराब के लिए पैसे मांगने वाले गिरफ्तार 2 आरोपियों को आज डूंगरपुर कोर्ट में पेश किय। जहा से कोर्ट ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है ? दोवडा थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया की डूंगरपुर शहर के शिवाजी नगर निवासी तेजस्व भोई 24 अगस्त को तेजस्व अपने परिवार के साथ उज्जेन से डूंगरपुर लौट रहे थे इस दौरान आसपुर-डूंगरपुर मार्ग पर बोकडसेल के पास दो बदमाश पत्थर लेकर कार के आगे आ गए और शराब के लिए पैसे मांगे थे। शराब के लिए पैसे नहीं देने पर बदमाशो ने कार पर पथराव कर दिया जिससे प्रार्थी घायल भी हो गया था। 28 अगस्त को पीड़ित की रिपोर्ट पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसन्धान शुरू किया था और कल गमिरपुर निवासी नटवर अहारी और देवीलाल अहारी को गिरफ्तार किया था। इधर गिरफ्तार दोनों आरोपियों को आज डूंगरपुर कोर्ट में पेश किया जहा से कोर्ट ने दोनों

सागवाड़ा में मौसम सुहावना,बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत

सागवाड़ा में शाम को हुई बारिश से पुनर्वास कालोनी में गलियकोट मार्ग पर भरा पानी।

सागवाड़ा।

कई दिनों से लगातार उमस के बाद बुधवार शाम को बारिश से सागवाड़ा में मौसम सुहावना हो गया। बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। वहीं, दूसरी ओर सागवाडा और आसपास के क्षेत्र में शाम को बारिश व घना कोहरा छा गया। बुधवार को दोपहर तक चटख धूप खिली रहने के बाद शाम को मौसम ने अचानक करवट बदली ओर सागवाड़ा व आसपास के क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी होने लगी।

कुछ ही समय बाद तेज बारिश होने लगी इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। वही कुछ दिन पहले ओबरी क्षेत्र में भी बारिश हुई थी ।

हाइवे पर आमझरा के पास दो बाइक की जोरदार टक्कर, एक युवक की मौत

डूंगरपुर।

जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र में उदयपुर से अहमदाबाद नेशनल हाइवे पर आमझरा के पास दो बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में घायल एक युवक ने गुजरात के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि दूसरी बाइक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अनुसार प्रकाशचंद्र बोड़ात (30 वर्ष) निवासी आमझरा इलेट्रीशियन का काम करता है। मंगलवार को वह अपने काम से खेरवाड़ा गया था। शाम के समय काम पूरा होने पर वह मोटरसाइकिल लेकर अपने गांव आमझरा लौट रहा था। इसी दौरान उदयपुर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर आमझरा पंचायत के सामने एक दूसरी बाइक के साथ जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में प्रकाशचंद्र बोड़ात गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके सिर और शरीर पर कई जगह गंभीर चोंटे आई।

हादसे के बाद दूसरी बाइक का चालक मौके से भाग गया, जबकि घटना की सूचना मिलते ही प्रकाशचंद्र के पिता मनजी बोड़ात और भाई बाबूलाल बोड़ात मौके पर पंहुच गए। घायल प्रकाशचंद्र को गुजरात के हिम्मतनगर अस्पताल ले जाकर भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान प्रकाशचंद्र की आज बुधवार को मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव को लेकर डूंगरपुर जिला अस्पताल पंहुचे, जहां शव को मोर्चरी में रखवाया गया।

घटना की सूचना पर बिछीवाड़ा थाने से एएसआई राजेंद्रसिंह मय जाब्ता मौके पर पंहुचे और घटना की जानकारी ली। मृतक के भाई बाबूलाल ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ एक्सीडेंट के केस दर्ज करवाया, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

काम से जी चुराने वाले और लापरवाही वाले कर्मचारियों व अधिकारियों को जिला बदर करें

जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक

डूंगरपुर।

जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक आज जिला परिषद सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जनहित के मुद्दों पर अधिकारियों की क्लास ली और कलेक्टर से कहा कि काम से जी चुराने वाले और लापरवाही वाले कर्मचारियों व अधिकारियों को जिला बदर करे।

बैठक में लोक सभा सांसद अर्जुन मीणा और कनकमल कटारा सहित आसपुर विधायक गोपीचंद और चौरासी विधायक राजकुमार रोत ने एक स्वर में ऐसे कर्मचारियों को जिला बदर करने की हिमायत की जो गरीब तबके के लोगो के साथ साथ जनप्रतिनिधियों को भी तवज्जो नही देते। सांसद कनकमल ने कहा कि चिकित्सा विभाग में निचले स्तर का ढर्रा बिगड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि जब इसकी शिकायत विभाग के अधिकारियों से करते है तो वो भी नही सुनते। सांसद कनकमल ने कहा कि ग्राम पंचायतो में हैंडपंप के टेंडर में बड़े स्तर पर घोटाले हो रहे है इसकी जांच और कानूनी कार्रवाई हो। सांसद अर्जुन ने किसान निधि योजना में जिले की प्रगति में सुधार लाने को कहा।वही आसपुर विधायक गोपिचंद ने बिजली बिलों में मनमानी और जनता के साथ बदसलूकी के आरोप लगाए।

पुलिस चौकी करावाडा में महिलाओं की बैठक हुई

झीथरी। पुलिस थाना चौरासी मुख्यालय झीथरी के अंतर्गत पुलिस चौकी करावाडा में बुधवार को भारत सरकार की योजना सखी सहेली के तहत महिलाओं की बैठक रतन देवी पाटीदार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पुलिस थाना चौरासी के एएसआई बालकृष्ण पाटीदार ने भारत सरकार की योजना सखी सहेली की जानकारी देते हुए महिला संबधी अपराधो की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को बिना डरे और निर्भिक होकर किसी भी प्रकार की घटना या अपराध की जानकारी तत्काल पुलिस को देने के लिए कहा साथ ही कहा कि विधालय में पढने वाली छात्राओ की सखी यानी सहेली दोस्त बनकर विधालय आवागमन के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो जानकारी लेकर तत्काल पुलिस को अवगत कराये। इस दौरान उन्होंने महिलाओं से संवाद कर समस्याओं की जानकारी ली। महिलाओं की ओर से बताई गई समस्याओं का समाधान करने के लिए आश्वस्त किया।

पालिका के नवीन भवन पर विरोध, भाजपा के पार्षदों ने बैठक का किया बहिष्कार

बहिष्कार के बीच सागवाड़ा पालिका बोर्ड की बैठक में विकास कार्यों का अनुमोदन

- आवारा पशुओं के लिए फिर शुरू होगा कांजी हाउस, सांस्कृतिक केंद्र के निर्माण पर खर्च होंगे पांच करोड़
- वागड़ के स्वतंत्रता सेनानियों के नाम बनेगा स्वागत द्वार

सागवाड़ा।

नगर पालिका सागवाड़ा की तीसरी बोर्ड बैठक नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया की अध्यक्षता में हुई। पालिका के नवीन भवन को लेकर हुई चर्चा में भाजपा पार्षदों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। बहिष्कार में भाजपा को निर्दलीय पार्षदों का भी सहयोग मिला। नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष हरिश के नेतृत्व में भाजपा पार्षद बैठक से बाहर निकल गए। इधर, बहिष्कार के बीच सागवाड़ा पालिका बोर्ड की बैठक में विकास कार्यों का अनुमोदन। भाजपा के पार्षद पूरी बैठक में बाहर बैठे रहे। इधर, बैठक में खोडनिया ने कहा कि शहरी विकास को लेकर बोर्ड की बैठकों में प्रस्ताव लिए जा रहे है। इस बैठक के बाद शहरी विकास को गति मिलेगी। आने वाले समय में शहरी विकास के कई विकास कार्य कराए जाएंगे। जनजाति विभाग की ओर से पांच करोड़ की लागत शहर में सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण कराया जाएगा। शहर में मवेशियों की समस्या को देखते हुए कांजी हाउस का फिर से संचालन किया जाएगा जो पहले से बड़ा होगा। खोडनिया ने कहां कि शहर में एक स्वागतद्वार वागड़ के स्वतंत्रता सेनानियों के नाम से भी बनाया जाएगा। खोडनिया ने कहां कि नगर पालिका का वर्तमान भवन 1904 का बना हुआ है। आबादी के विस्तार से यह पुराना और छोटा है ऐसे में पालिका के नवीन भवन की तैयार शुरू कर दी है। बैठक को एसडीएम राजीव द्विवेदी और पालिकाध्यक्ष राजु मामा शेख ने भी संबोधित किया।

सागवाड़ा नगर पालिका क्षेत्र में बनने वाल सांस्कृतिक केंद्र का नक्षा बताते पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया।

आय बढ़ाने के लिये निलामी

पालिका की आय बढ़ाने के लिऐ भूमि की निलामी की जाएगी। इससे मिलने वाली राशि से शहर का विकास हो सकेगा।

इसके तहत प्राईवेट बस स्टैंड पर स्थित व्यवसायिक भूखंडों की निलामी/ दुकानों का निर्माण और पुराना बस स्टैंड के उपरी मंजील पर निर्मित दुकानों की निलामी के प्रस्ताव का अनुमान किया गया।

यह भी होगा

- नेहरू काम्प्लेक्स के उपर नई। योजना के तहत दुकाने बनेंगी।
- प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत 15 सितंबर से प्री कैंप लगेंगे
- भागीदारी योजना के तहत जनजाति बाहुल्य वाले वार्डों में विकास कार्य कराए जाएंगे

यह कहना है नेता प्रतिपक्ष का

नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष हरिश सोमपुरा ने बताया कि बैठक से पहले नगरपालिका के अधिनियम1974 के नियम 14के तहत पूर्व की बैठक का अनुमोदन किया जाना था जो नही हुआ। पालिका प्रशासन को इसकी जानकारी नही है। साथ ही पालिका के नये भवन का कोई खाका पालिका के पास है ही नही। भवन कहा बनेगा इसकी जानकारी दिये बिना ही नये भवन का प्रस्ताव लिया जा रहा है। दुकानदारों को हटाने नोटिस दिये जा रहे है। इसका विरोध भाजपा के पार्षद कर रहे है। पहले पूरी योजना बताए उसके बाद कम होना चाहिए।

डूंगरपुर में 8 किलो पॉलीथिन की जब्त, लगाया 3800 का जुर्माना

डूंगरपुर। शहर में गौ एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान को लेकर टीम परिषद द्वारा पॉलीथिन केरी बैग्स जब्त कर कार्यवाही की गयी। बुधवार को नगरपरिषद सभापति अमृत कलासुआ और आयुक्त नरपतसिंह राजपुरोहित के निर्देश पर टीम परिषद द्वारा शहर के सब्जी विक्रेताओं और किराण व्यापारियों के वहा कार्यवाही कर 8 किलो पॉलीथिन केरी बैग्स जब्त किये और 3800 रूपये का जुर्माना वसूला। नगरपरिषद के सभापति अमृत कलासुआ ने बताया की परिषद के गौ एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान और शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने के उद्देश्य से टीम परिषद द्वारा शहर में पॉलीथिन को लेकर प्रतिदिन पॉलीथिन केरी बैग्स को लेकर कार्यवाही की जा रही है। सभापति ने कहा कि पॉलीथिन केरी बैग्स में सामान देना और लेना, दोनों कानूनी अपराध है और केरी बैग्स में सामान देने पर जुर्माना भी वसुला जाएगा। आयुक्त नरपतसिंह राजपुरोहित ने कहा कि अवैध पॉलीथिन केरी बैग्स जानलेवा है, शहरवासी शहर को पॉलीथिन मुक्त बनाने में सहयोग करे और केवल कपड़ो की थैली का ही उपयोग करे। टीम परिषद से कार्यवाही में राम सिंह जी राजावत,अमृत मीणा,हरदिल अजीज, मोहम्मद राजा,फायर से देवेंद्र सिंह,विवेक जोशी,गीतेश पंड्या,रमेश कोटेड और नीलेश कोटेड एवं भाविन मौजूद रहे ।